# Hindi Murli Quiz 16-08-2015

.

*Q.1)* **Q. आज की मुरली में बापदादा ने आजकल के अल्पकाल के राज्य की राज्य-सभा व लोक-सभा की तुलना ऑलमाइटी अथॉरिटी द्वारा बनी हुई राजयोगी-सभा व लोकपसन्द-सभा से की है । इस तुलना पर आधारित मैचिंग एक्सरसाइज को बहुत ध्यान से करें –**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | एक तरफ है हद की राज-सभा व लोक-सभा, | दूसरी तरफ है बेहद की राजयोगी सभा, लोक-पसन्द सभा। |
| B | हद की लोकसभा हद के लॉ एण्ड आर्डर बनाती है, | लोक-पसन्द ब्राह्मण सभा अविनाशी लॉ एण्ड आर्डर का राज्य बना रहे हैं। |
| C | वहाँ नेतायें अल्प-बुद्धि और अल्पकाल के विचार निकालते हैं, | लेकिन ब्राह्मणों की राज-सभा व राजयोगी सभा विश्व-कल्याण के विचार निकालती रहती है। |
| D | वह है स्वार्थ अर्थ तो मन पसन्द कहेंगे, | यह है विश्व-कल्याण अर्थ इसलिए लोक-पसन्द वा प्रभु-पसन्द कहेंगे । |
| E | 'चाहिए-चाहिए' करने वाले लोक-पसन्द सभा के मेम्बर नहीं होते । | वहाँ पार्टा के मेम्बर बहुत होते हैं लेकिन सभा के मेम्बर थोड़े होते हैं। |

*Q.2)* **Q. "जिससे अति ----------होता है तो उसकी पसन्दी सो अपनी पसन्दी होती है। जो बाप की पसन्दी वह आपकी पसन्दी और जो बाप पसन्द हो गये वह लोक पसन्द स्वत: ही बन जाते हैं।"**
**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें।**

A. स्नेह
B. परेशान
C. लगाव
D. विरोध
E. दुख

*Q.3)* **Q. एक तरफ 8 की माला का पहला नम्बर और दूसरी ओर 16 हजार की माला का लास्ट नम्बर। एक बाप के बच्चे होते भी इतना अन्तर क्यों है ? इस विषय पर केवल सही वाक्य ही चयन करें ----**

A. ☑ एक हैं विश्व-कल्याण का कार्य करने वाले और दूसरे हैं कार्य करने वालों की और कार्य की महिमा करने वाले ।
B. ☑ एक कहते - करना ही है । दूसरे कहते- करना चाहिए, होना चाहिए, बनना चाहिए ।
C. ☑ एक हैं राज गद्दी के अधिकारी और दूसरे हैं राज्य में आने के अधिकारी। इसलिए `चाहिए' को `हैं' में बदलना है।
D. ☐ एक हैं बाप के भक्त और दूसरे हें बाप के बच्चे।

**Explanation:** बच्चे तो दोनों ही बने हैं।

*Q.4)* **Q. "अब के सेवाकेन्द्र ---------- में तीर्थ स्थान के रूप में पूजे जायेंगे।"**

**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें --**

A. भक्ति
B. सतयुग
C. त्रेतायुग
D. संगमयुग

*Q.5)* **Q.कृपया निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें -------**
**"बापदादा ने सभी तीर्थ स्थानों का सैर करते समय प्युरिटी की सबजेक्ट का पेपर चेक किया कि हर -------- की प्युरिटी का वायब्रेशन कहाँ तक पड़ता है।"**

- आत्मा
- आतमा
- अत्मा
- ATMA
- AATMA

*Q.6)* **Q. " बापदादा का सारा दिन का धन्धा हैं --प्युरिटी के पेपर चेक करना, मुरबी बच्चों व सहयोगी बच्चों को इमर्ज करके छोटी-छोटी सभायें करना। कभी बाप आपके पास आ जाते हैं, कभी आपको अपने पास बुला लेते हैं। कभी खेल करते और कराते हैं, कभी अपने साथ सेवा में लगाते हैं। कभी अपने साथ साक्षात्कार कराने ले जाते हैं और कभी साक्षात्कार कराने भेजते हैं। कभी-कभी विशेष स्नेही व सहयोगी बच्चों को विशेष कान में शक्ति का मन्त्र भी देते हैं।"**

A. True
B. False

Q.7) **Q. बापदादा ने मुरली में याद प्यार और नमस्ते देते हुए बच्चों की बहुत महिमा गाई है। उसको सही वाक्य चयन करके स्पष्ट करें -----**

A. ☑ हर संकल्प में, प्रभु पसन्द व लोक पसन्द बच्चे,
B. ☑ हर कार्य में, अधिकारी बन कर्मेन्द्रियों से कर्म कराने वाले बच्चे,
C. ☑ सदा बाप के साथ, मन और कर्म में विश्व सेवा के साथी बच्चे,
D. ☑ सदा संकल्प द्वारा वायुमण्डल को श्रेष्ठ बनाने वाले बच्चे,
E. ☑ अपने महा-वरदानी वृत्ति से वायब्रेशन फैलाने वाले बच्चे,

Q.8) **Q. शब्दों / वाक्यों को उनके अर्थ अनुसार ही जोड़ें ---**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | ब्राहमण बच्चों का मुख्य आधार और रीयल ज्ञान की परख प्युरिटी है। | प्युरिटी के आधार पर सहज योग, सहज ज्ञान और सहज धारणा व सेवा कर सकते हो। |
| B | आफीसर्स की सफलता का आधार है-- | उनमें निर्णय शक्ति और कन्ट्रोलिंग पॉवर होना। |
| C | जैसे उस गवर्मेन्ट के भिन्न-भिन्न डिपार्टमेन्ट्स के आफीसर हो, | वैसे पाण्डव गवर्मेन्ट में विश्व कल्याण के कार्य के आफीसर हो। |
| D | वहाँ यदि गवर्मेन्ट राजी हो जाए तो गवर्नर बना देगी, | लेकिन यहाँ विश्व-कल्याण की सेवा में सेवाधारी बनने से विश्व के राजा बन जायेंगे। |

Q.9) **Q. आज के वरदान को ध्यान में रखते हुए बताएं कि निम्नलिखित वाक्य समूह सही है अथवा गलत है ---- "विश्व की सर्व आत्मायें आप श्रेष्ठ आत्माओं का परिवार है। जितना बड़ा परिवार होता है उतना ही इकॉनामी का ख्याल रखा जाता है। तो स्वयं को बेहद की सेवार्थ निमित्त समझते हुए अपने समय और शक्तियों को इकॉनामी से कार्य में लगाओ। अपने प्रति ही कमाया, खाया और गँवाया-ऐसे अलबेले नहीं बनो। समय और शक्ति का स्टॉक सेवा प्रति जमा करो।"**

A. ◉ सही
B. ○ गलत

Q.10) **Q. ".-------------वह है जिसके संकल्प और बोल द्वारा सबको वरदानों की प्राप्ति हो।"**

**निम्नलिखित विकल्पों में से एक सबसे सटीक शब्द से उपरोक्त रिक्त स्थान भरें ----**

A. ◉ महादानी
B. ○ पुण्य-आत्मा
C. ○ त्यागी
D. ○ तपस्वी